
जय सनातन      राष्ट्रहित सर्वोपरि      जय सनातन






RSP — राष्ट्रीय सनातन पार्टी

# राष्ट्रीय सनातन पार्टी


पंजीकृत कार्यालय: म. न. 108-ए, भूतल, खसरा नंबर 60, 30 फुटा रोड,
नया सभापुर गुजरान, करावल नगर, दिल्ली-110090
www.rashtriyasanatanparty.org , E-mail: rashtriyasanatanparty@gmail.com 9412458854, 9410073474


पत्रांक 195      दिनांक : 03/11/2025

सेवा में,

माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी,

प्रधानमंत्री, भारत सरकार

नई दिल्ली

**विषय : पुर्तगाल के एल्मोग्रावे समुद्र तट की रहस्यमयी गुफाओं में मिले शिवलिंग के संरक्षण एवं भव्य मंदिर निर्माण हेतु निवेदन।**

महोदय,

सविनय निवेदन है कि भोपाल, मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार श्री मनीष वर्मा जी (मो. 9893964366) द्वारा वर्ष 2020-21 में अपनी पुर्तगाल यात्रा के दौरान एल्मोग्रावे समुद्र तट स्थित रहस्यमयी गुफाओं में प्राकृतिक रूप से प्रकट स्वयंभू शिवलिंग की खोज की गई। उन्होंने वहाँ विधिवत पूजन भी किया।

उक्त खोज न केवल सनातन आस्था का विषय है, बल्कि यह विश्व मंच पर भारत की प्राचीन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत की व्यापक उपस्थिति का महत्वपूर्ण प्रमाण भी प्रतीत होती है। यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि प्राचीन काल में उस भूभाग पर भी सनातन संस्कृति का प्रभाव रहा होगा।

आपसे विनम्र प्रार्थना है कि भारत सरकार पुर्तगाल के स्थानीय शासन एवं संबंधित अधिकारियों से आवश्यक संवाद स्थापित कर इस पवित्र स्थल के संरक्षण, विकास एवं सनातनी श्रद्धालुओं हेतु उचित व्यवस्थाओं का मार्ग प्रशस्त करे। साथ ही, वहाँ एक भव्य भगवान महादेव मंदिर निर्माण की संभावना पर भी विचार किया जाए, ताकि यह अनमोल धरोहर सुरक्षित रहकर विश्व को सनातन संस्कृति का गौरवशाली संदेश दे सके।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण पहल विश्व मानवता, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी।

सादर,

आपका शुभाकांक्षी


VISHWAJEET SINGH ANANT
PRESIDENT
RASHTRIYA SANATAN PARTY
H.NO. 108-A, G/F, KH. No. 60,
30 Foota Road, New Sabhapur Gujran,
Karawal Nagar, Delhi-110090

विश्वजीत सिंह अनंत
राष्ट्रीय अध्यक्ष
राष्ट्रीय सनातन पार्टी